कार्यालय प्रधानाचार्य

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा

जिला. कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176001

( आई०एस०ओ०: 9001:2015 प्रमाणित संस्थान)

ईमेल: gpckangra@gmail.com दूरभाष : 01892-265025


संख्या: 80 दिनांक 25/9/26

## नीलामी सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08/10/2026 को प्रात: 11:00 बजे इस संस्थान के कैंपस में स्क्रैप की नीलमी की जाएगी। इच्छुक बोली दाता स्क्रैप/अनुपयोगी वस्तुएँ की मात्रा को देखने हेतु संस्थान के कार्यालय में दिनांक 06/10/2026 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रात: 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है । बोलीदाताओं का कोरम पूरा न होने पर नीलामी की उपरोक्त तिथि रदद कर दी जाएगी । स्क्रैप/अनुपयोगी वस्तुएँ की नीलामी निम्नलिखित शर्तो पर आधारित होगी ।

1. इच्छुक बोलीदाता को बोली में भाग लेने से पहले 10,000/- रूपए धरोहर राशि के रूप संस्थान के खजांची के पास जमा करवानी होगी ।
2. बोलीदाता के पास वैध GST पंजीकरण, PAN, एवं पहचान पत्र होना अनिवार्य है, बोली लगाने वाले को उक्त दस्तावेज़ जमा करने होंगे।
3. सफल बोली लगाने वाला सीधे सरकार को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (RCM) के अनुसार, लागू GST देनदारियों का भुगतान करने के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। संस्थान केवल अंतिम नीलामी मूल्य दर्शाने वाली रसीद जारी करेगा और उसमें GST नहीं जोड़ेगा।
4. सफल बोलीदाता से नियमानुसार लागू टीसीएस(TCS) वसूला जाएगा ।
5. असफल बोलीदाता की धरोहर राशि बोली ख़त्म होने के बाद वापिस कर दी जाएगी ।
6. सफल बोलीदाता को उसी दिन बिक्री मूल्य की 25% राशि जमा करनी होगी तथा सफल बोलीदाता की धरोहर राशि को बिक्री राशि में समायोजित कर दी जाएगी ।
7. सफल बोलीदाता को शेष बिक्री राशि दिनांक 12/10/2026 तक खजांची के पास जमा करवानी होगी ।
8. सफल बोलीदाता को स्क्रैप/अनुपयोगी वस्तुएँ निर्धारित तिथि 13/10/2026 शाम 04:00 बजे तक उठाना अनिवार्य होगा । इस तिथि के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त स्क्रैप/अनुपयोगी वस्तुएँ को जब्त करने का पूरा अधिकार होगा ।
9. एक बार स्वीकृत की गई बोली रद्द नही होगी तथा बोली की जमा राशि वापिस नही होगी ।

Scanned with OKEN Scanner

10. अगर कोई सफल बोलीदाता उपरोक्त शर्तों की अवेहलना करेगा तो अधोहस्ताक्षरी को उसकी बोली या नीलामी को रद्द करने का पूरा अधिकार होगा ।
11. न्यूनतम बोली की शुरुआत आरक्षित मूल्य (Reserve Price ) से की जाएगी ।
12. बोली की अन्य शर्ते बोली के समय कमेटी द्वारा बताई जाएगी तथा अधोहस्ताक्षरी को किसी भी बोली को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार है ।

प्रधानाचार्य
राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा
जिला. कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176001

**पृ० सं० : जीoपीoकेo/स्टोर/ऑक्शन स्क्रैप/2026** 4912- 4919 **दिनांक** 24/9/26

**प्रतिलिपि सूचनार्थ**

1. निदेशक तकनिकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औधोगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ हेतु प्रेषित । e-mailed
2. एस०डी०एम० कार्यालय, बी०डी०ओ० कार्यालय, एस०एम०ओ० कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, नगर पालिका, डी०ए०बी० कॉलेज, प्रभारी न्यू बस स्टैंड काँगड़ा, जिला काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ एवं सुचना पट्ट में चिपकाने हेतु प्रेषित ।
3. उप पुलिस अधीक्षक कांगड़ा, ज़िला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश को सूचनार्थ हेतु प्रेषित ।
4. समस्त सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों/फार्मेसी कॉलेजों/पॉलिटेक्निक/ औधोगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो को सूचनार्थ हेतु प्रेषित ।
5. नीलामी के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु, शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रदर्शित/ चिपकाने हेतु 10 प्रतियाँ।
6. राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा के वेबसाइट प्रभारी को उक्त वेबसाइट पर अपलोड एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा के खजांची को नीलामी के दौरान नकद राशि प्राप्त करने एवं आवश्यक लेखा कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधानाचार्य
राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा
जिला. कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176001

Scanned with OKEN Scanner